**FROM No. III**

# फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं S.D.O., मुकाम बायतु

जोधूराम बनाम देवाराम वगैरा

किस्म मुकदमा दा० अपील 251 A RTAct नं. 228/15 सन् 2015

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यावाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 02/12/15 | प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री... चेतनराम सारण ने यह प्रार्थना-पत्र/वाद/अपील धारा 251 A RTAct राजस्थान काश्तकारी/भू राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी/प्रतिवादी/रेस्पोडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक 21/12/15 को पेश हो। | |
| 21/12/15 | प्रार्थी वकील उपस्थित। अप्रार्थीगण संख्या 1 से 4 के नोटिस तामील शुदा प्राप्त जिनकी ओर से वकील श्री उगराराम सारण द्वारा वकालातनामा पेश किया गया जिसे शामिल पत्रावली किया गया। अतः वास्ते जवाब दिनांक 19/01/16 को पेश हो। | |
| 19/01/16 | वकलाय फरीकैन उपस्थित। अप्रार्थीगण वकील द्वारा जवाब पेश नहीं किया गया। काईना पेश करना चाहते है अवसर दिया जावे पत्रावली काईना दिनांक 02/02/16 को पेश हो। | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested

| | |
|---|---|
| 02/02/16 | वकुलाय फरीकैन उपस्थित। विप्रार्थीगण वकील द्वारा जवाब पेश नहीं किया गया श्रीमान पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा होकर आगामी दिनांक 08/03/16 को पेश हो। |
| 08/03/16 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 04/04/16 को पेश हों। |
| 04/04/16 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 11/06/16 को पेश हों। |
| 11/06/16 | प्रार्थी व विप्रार्थीगण संख्या 1 से 4 के वकील उपस्थित। श्रीमान पीठासीन अधिकारी लोक अदालत कैम्पों में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा होकर आगामी दिनांक 25/10/16 को पेश हो। |
| 25/10/16 | वकुलाय फरीकैन उपस्थित। श्रीमान पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा होकर आगामी दिनांक 27/12/16 को पेश हो। |
| 27/12/16 | वकुलाय फरीकैन उपस्थित। विप्रार्थीगणों के वकील द्वारा जवाब पेश नहीं किया गया फाईल पेश करना चाहते हैं [illegible] पर्याप्त अवसर दिये गये. अंतिम अवसर [illegible] जाकर पत्रावली दिनांक 25/04/17 को पेश हो। |

तारीख हुक्म
25/04/17

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 25/04/17 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा लेकर दिनांक 08/08/17 को पेश हों। [initials] | |
| 08/08/17 | वकुलाय फरीकैन उपस्थित। विपार्थीगण वकील द्वारा जवाब पेश नहीं किया गया। श्रीमान पीठासीन अधिकारी का उदयपुर दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा लेकर आगामी दिनांक 14/11/17 को पेश हो। [initials] | |
| 14/11/17 | वकुलाय फरीकैन उपस्थित। विपार्थीगण के वकील द्वारा जवाब पेश नहीं किया गया, फाईनल पेश करना चाहते हैं। पूर्व में अंतिम अवसर दिया गया था। 200/- रुपये की cost पर एक और अवसर दिया जाकर पत्रावली दिनांक 19/12/17 को पेश हो। [initials] | |
| 19/12/17 | वकुलाय फरीकैन उपस्थित। विपार्थी वकील द्वारा जवाब पेश नहीं किया गया, फाईनल पेश करना चाहते हैं पूर्व में cost पर अवसर दिया गया था। न्यायहित में एक और अवसर दिया जाकर पत्रावली दिनांक 08/01/18 को पेश हो। [initials] | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 08/01/18 | वकुलाय फरीकैन उपस्थित। विपक्षीगण वकील द्वारा जवाब पेश नहीं किया गया पूर्व में पर्याप्त अवसर दिये गये पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरान्त भी विपक्षीगण वकील द्वारा जवाब पेश नहीं करने पर विपक्षीगण का जवाब बन्द किया जाता है। तहसीलदार बायतु को मौका रिपोर्ट हेतु लिखा जाकर पत्रावली दिनांक 24/01/18 को पेश हो। [signature] | |
| 24/01/18 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 05/02/18 को पेश हों। [signature] | |
| 05/02/18 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 27/02/18 को पेश हों। [signature] | |
| 27/02/18 | प्रार्थी वकील उपस्थित। विपक्षीगण अनु०। तहसीलदार बायतु को मौका रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी होकर पत्रावली फाईल दिनांक 20/03/18 को पेश हो। [signature] | |
| 20/03/18 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 25/04/18 को पेश हों। [signature] | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 25/04/18 | प्रार्थी वकील उपस्थित। तहसीलदार बायतु से मौका रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। श्रीमान पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा होकर आगामी दिनांक 22/06/18 को पेश हो। | |
| 22/06/18 | पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी वकील उपस्थित। तहसीलदार बायतु से मौका रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। श्रीमान पीठासीन अधिकारी न्याय आपके द्वार अभियान-2018 कैम्पो में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा होकर आगामी दिनांक 30/10/18 को पेश हो। | |
| 30/10/18 | अधिवक्तागण हड़ताल में चल रहे हैं। श्रीमान पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा होकर आगामी दिनांक 21/02/19 को पेश हो। | |
| 21/02/19 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त है। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 29/05/19 को पेश हों। | |
| 29/05/19 | प्रार्थी वकील उपस्थित। तहसीलदार बायतु से मौका रिपोर्ट प्राप्त जिसे शामिल पत्रावली किया गया। श्रीमान पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा होकर आगामी दिनांक 17/08/19 को पेश हो। | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| 27/08/19 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इत्तला होकर दिनांक 14/10/19 को पेश हों। | |
| 14/10/19 | प्रार्थी पक्षीय उपस्थित / विपक्षीगण अनुपस्थित / प्रार्थी के अधिवक्ता बहस आईन्दा करना चाहते हैं अवसर दिया जाकर पत्रावली दिनांक 26/11/19 को पेश हो। [signature] | |
| 26/11/19 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इत्तला होकर दिनांक 20/03/20 को पेश हों। | |
| 20/03/20 | पत्रावली आज पेश हुई। कोविड-2019 के चलते कोई नहीं लिया गया। श्रीमान पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इत्तला होकर आगामी दिनांक 20/05/2020 को पेश हो। | |
| 20/05/20 | पत्रावली आज पेश हुई। कोविड-2019 के चलते कोई नहीं लिया गया। श्रीमान पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इत्तला होकर आगामी दिनांक 29/07/20 को पेश हो। | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested

| नम्बर व तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| 29/07/20 | प्रार्थी वकील उपस्थित। विपक्षीगण अनुपस्थित। प्रार्थी वकील मूल आवेदन व मौका रिपोर्ट पर बहस करना चाहते हैं। अवसर दिया जाकर पत्रावली दिनांक 25/08/2020 को पेश हो। (हस्ताक्षर) सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | |
| 25/08/20 | प्रार्थी वकील उपस्थित। विपक्षीगण अनुपस्थित। प्रार्थी के अधिवक्ता की मूल आवेदन व मौका रिपोर्ट पर बहस सुनी गई, प्रार्थी वकील तहसीलदार बायतु से प्राप्त मौका रिपोर्ट से सहमत है। प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया कि प्रार्थी का मूल आवेदन व तहसीलदार बायतु से प्राप्त मौका रिपोर्ट को स्वीकार किया जाकर आदेश किया जावे।<br>अतः प्रार्थी अधिवक्ता के निवेदन पर प्रार्थी का मूल आवेदन व तहसीलदार बायतु से प्राप्त मौका रिपोर्ट को स्वीकार किया जाकर आदेश अलग से लिखा गया व शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो दाखिल दफ्तर हो। (हस्ताक्षर) सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बायतु, जिला–बाड़मेर

## पीठासीन अधिकारी श्री विवेक व्यास, आर.ए.एस

राजस्व आवेदन संख्या 228 / 2015 दिनांक :– 25.08.2020

**प्रार्थी**

1. जालूराम पुत्र प्रहलादराम
2. हरखाराम पुत्र प्रहलादराम
3. चूनाराम पुत्र प्रहलादराम
4. पुरखाराम पुत्र प्रहलादराम
5. इमरती पत्नी प्रहलादराम

जाति जाट निवासी जोगासर कुंआ, छीतर का पार, तहसील बायतु जिला बाड़मेर

**बनाम**

**विप्रार्थीगण**

1. देवाराम पुत्र रावताराम
2. केसाराम पुत्र रावताराम
3. उमाराम पुत्र रावताराम
4. हेमी पत्नी रावताराम

जातियान्–जाट, निवासीयान्–जोगासर कुंआ, छीतर का पार, तहसील बायतु जिला बाड़मेर

***आवेदन अन्तर्गत धारा 251 –क (1) रा.का.अधिनियम***

***Application for permission under sub-section (1) pf section 251-A of the Rajasthan tenancy Act, 1955***

उपस्थिति :– 1. श्री चेतनराम सारण अधिवक्ता प्रार्थीगण

## आदेश

प्रार्थीगण ने अपनी खातेदारी के खेत खसरा नम्बर 392 / 193 रकबा 39.03 बीघा ग्राम जोगासर कुंआ पटवार मण्डल छीतर का पार तहसील बायतु से सड़क तक पहुंचने के लिए विप्रार्थीगण की खातेदारी के खेत खसरा नम्बर 112 में से होकर 15 फीट चौड़ा रास्ता स्थापित कर खुलवाने हेतु यह आवेदन राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 251 (क) की उपधारा (1) के अन्तर्गत इस न्यायालय में पेश किया। प्रार्थीगण का आवेदन दर्ज कर विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस वास्ते जवाब आवेदन तलब किया। विप्रार्थीगण को समुचित अवसर दिये जाने के उपरान्त भी जवाब पेश नहीं किया गया।

प्रकरण में मौका रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु तहसीलदार बायतु को लिखा गया। मौका रिपोर्ट तहसीलदार बायतु द्वारा भू अभिलेख निरीक्षक व पटवारी को साथ रखकर तैयार की गई। तहसीलदार बायतु ने मौका रिपोर्ट में उल्लेख किया कि विप्रार्थीगण के खेत खसरा नम्बर 112 व 338 के बीचो–बीच ग्रेवल सड़क बनी हुई जो राजस्व रेकर्ड में कटाण दर्ज है। प्रार्थीगणों के कटाण मार्ग या सड़क तक जाने हेतु प्रस्तावित मार्ग के अलावा अन्य कोई नजदीक रास्ता नहीं है। प्रार्थीगण द्वारा खेत खसरा नम्बर 392 / 113 में [illegible] सड़क तक

सहायक कलक्टर
(SDO) बायतु

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested

पहुंचने हेतु विप्रार्थीगण के खेत खसरा नम्बर 112 में से रास्ता चाहा है, न्यूनतम दूरी का रास्ता है तथा इसके अतिरिक्त अन्य कोई रास्ता नहीं है एवं उक्त मार्ग के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक मार्ग वर्तमान में नहीं चल रहा है। सड़क से कम दूरी व मौका रिपोर्ट के संलग्न नक्शें में हरे रंग से रास्ता प्रस्तावित किया गया है तथा प्रस्तावित रास्ते का कुल रकबा 00.01 बिस्वा है।

तहसील कार्यालय से प्राप्त मौका रिपोर्ट पर वकील प्रार्थीगण को सुना गया। प्रार्थी वकील ने अपने आवेदन के तथ्य दोहराते हुए प्रकट किया कि प्रार्थीगण विप्रार्थीगण के खेत खसरा नम्बर 112 से मौका रिपोर्ट में बताये रास्ते अनुसार ही मुख्य मार्ग तक पहुंचने हेतु आता जाता रहा है। इस रास्ते के अतिरिक्त प्रार्थीगण के आवागमन हेतु अन्य कोई नजदीकी व वैकल्पिक मार्ग नहीं है। अंत में निवेदन किया कि मौके पर मौका रिपोर्ट अनुसार 00.01 बिस्वा का रास्ता कायम किया जाये, जिस हेतु प्रार्थीगण नियमानुसार मुआवजा राशि अदा करने पर सहमत है।

हमने प्रार्थीगण के अधिवक्ता को सुना, उनके कथनो पर मनन किया व पत्रावली का गहनता से अध्ययन किया। धारा 251 (क) (1) अनुसार जब कोई अभिधारी अपनी जोत तक पहुंचने के लिए अन्य खातेदारो की जोत में से होकर नया मार्ग बनाना चाहता है और मामला खातेदारान् के मध्य पारस्परिक सहमति से तय नहीं होता है तो न्यायालय में इस हेतु आवेदन पेश होने पर यह साबित करना आवश्यक है कि प्रस्तावित रास्ते की अत्याधिक आवश्यकता है तथा प्रस्तावित रास्ते के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है।

प्रार्थीगण के अनुसार जिस रास्ते को उसने प्रस्तावित किया है वह रास्ता मौके पर कदीम से विधमान है। प्रार्थीगण को इस रास्ते की अत्याधिक आवशकता स्पष्ट है क्योंकि इस रास्ते के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है जहां से होकर प्रार्थीगण अपने खेत खसरा नम्बर 392/113 तक पहुंच सकें।

अतः प्रार्थीगण का आवेदन स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम जोगासर कुंआ पटवार मण्डल छीतर का पार तहसील बायतु के खसरा नम्बर 112 में से होकर खसरा नम्बर 392/113 तक पहुंचने हेतु 00.01 बिस्वा का रास्ता मौका रिपोर्ट में दर्शाये हरे रंग अनुसार कायम किया जाता है।

उक्त भूमि का प्रतिकर डी.एल सी की दर प्रति बीघा 151920/– से दुगना देय होगा। तहसीलदार बायतु प्रार्थी को रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि यानि 00.01 बिस्वा की राशि 15192 तहसील कार्यालय में जमा कराने हेतु सूचित करें तथा प्रार्थी ... राशि तहसील

सहायक कलक्टर
(SDO) बायतु

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested

कार्यालय में जमा होने पर इस आदेश का भू अभिलेख में अंकन करे तथा प्रतिकर Compensation राशि 15192/— नियमानुसार विप्रार्थीगण को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 25.08.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शूमार हो, दर्ज नम्बर से कम होकर, दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलक्टर

(विवेक व्यास)
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.19 13:11:10 IST
Reason: SelfAttested